शोध निदेशालय
कोटा विश्वविद्यालय,कोटा
एम.बी.एस.रोड़ कोटा–324005
फोन नं. 0744–2471037

आज़ादी का अमृत महोत्सव

DIRECTORATE OF RESEARCH
UNIVERSITY OF KOTA, KOTA
MBS Road kota-324005
Phone No.: 0744-2471037
E-mail : research@uok.ac.in

क्रमांक : एफ 6 ( )शोध / को.वि.को / 2026 / 2875 **दिनांकः– 24 / 03 / 2026**

कार्यालय आदेश

शोध मण्डल की 11 वीं बैठक दिनांक 24 / 12 / 2025 की मद सं. 10 में लिये गये निर्णयानुसार शोधार्थी द्वारा समय पर प्रगति प्रतिवेदन **(Progress Report)** शोध निदेशालय में जमा नहीं करवाने पर 01 जुलाई, 2026 से विलम्ब शुल्क लगाये जाने का प्रावधान किया गया है, जो निम्नानुसार है–

1. प्रवेश तिथि से एक वर्ष तक का प्रगति प्रतिवेदन एक वर्ष पूर्ण होने के आगामी एक माह के पश्चात् जमा कराने पर राशि रूपये 1000 / – प्रतिवर्ष।
2. प्रवेश तिथि से वर्षवार प्रगति प्रतिवेदन **(Progress Report)** दो वर्ष पूर्ण होने के पश्चात् जमा कराने पर राशि रूपये 5000 / – प्रतिवर्ष।

उक्त प्रगति प्रतिवेदन छः माही प्रगति प्रतिवेदन **(Half yearly Progress Report)** के आधार पर विश्वविद्यालय के निर्धारित प्रारूप में सभी सूचना में सही तरीके से टंकित **(Type)** करते हुऐ शोध पर्यवेक्षक तथा संस्था प्रधान के हस्ताक्षर व मोहर उपरान्त मय संलग्नकों के साथ शोध निदेशालय में जमा करवाना अनिवार्य है।

अतः सभी शोधार्थियों को सलाह दी जाती है कि शीघ्र ही उक्तानुसार शोध प्रगति प्रतिवेदन जमा करवाना सुनिश्चित करें, अन्यथा विलम्ब शुल्क के लिए शोधार्थी स्वयं उत्तरदायी होगें।

उक्त प्रावधान सभी शोधार्थियों पर लागू होगें। जो दिनांक 01 जुलाई, 2026 से प्रभावी होगें।

(प्रो. सीमा दाधीच)
निदेशक (शोध)

क्रमांकः एफ–6( )शोध / को.वि.को / 2026 / 2876-79 **दिनांकः– 24 / 03 / 2026**
प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. वरिष्ठ निजी सचिव, कुलगुरू, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा को माननीय कुलगुरू महोदय के अवलोकनार्थ प्रस्तुत करने हेतु।
2. समस्त प्राचार्य / विभागाध्यक्ष, शोध केन्द्र, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा।
3. संबंधित शोध पर्यवेक्षक एवं शोधार्थी, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा।
4. रक्षित फाइल।

(डॉ. विपुल शर्मा)
उपकुलसचिव (शोध)